तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

11 राष्ट्रीय शालेय तीरंदाजी प्रतियोगिता इंफाल में ...



11 अविरल सितली निर्मल सितली अभियान ...



## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद**। सिरको में ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। रिपोर्ट पर बसना पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को अविलाश कुमार निवासी बसना ने बताया कि 17 जनवरी को उसके मामा के लड़के यशब तांडी निवासी सिरको ने सूचना दी कि उसके नाना गजेंद्र तांडी को ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेबी 8699 के चालक ने अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाकर चलाते हुए पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके नाना के सिर एवं शरीर के अन्य जगह पर गंभीर चोंट आई है। इसके बाद प्रार्थी सिरको गया और 108 एंबुलेंस के जरिए अपने नाना को सरकारी अस्पताल या। जहां डॉक्टर ने गजेंद्र तांडी की मौत हो जाना बताया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### युवक के पास से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद**। छिपियापारा रेलवे स्टेशन के पास कोतवाली पुलिस ने एक युवक के पास से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी आकाश मार्कंडे पिता शोभाराम मार्कंडे (31 साल) वार्ड नं 09 छिपियापारा के पास से 10 लीटर महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### लालवानी गली में गुहा निषाद जयंती 22 को

**महासमुंद**। स्थानीय लालवानी गली में 22 जनवरी को गुहा निषाद जयंती मनाई जाएगी। सुबह 10 बजे भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 2 बजे महाआरती, 3 बजे भोजन प्रसादी, साढ़े 3 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, निषाद समाज के ढेलूराम निषाद, नंदकुमार निषाद, राजेंद्र निषाद होंगे।

# बोर्ड परीक्षा का डर दूर करने जिले के स्कूलों में छात्र देंगे प्री-बोर्ड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बोर्ड परीक्षाओं का नाम सुनते ही अक्सर विद्यार्थियों के मन में घबराहट और परिणाम को लेकर चिंता होने लगती है। बच्चों के इसी मानसिक दबाव को कम करने और उन्हें मुख्य परीक्षा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी शासकीय स्कूलों में प्री-बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।

शहर के हाईस्कूल सहित जिले के विभिन्न केंद्रों में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की यह परीक्षा 16 जनवरी से प्रारंभ हो गई है, जो 23 जनवरी तक चलेगी। साल भर पढ़ाई करने के बाद भी जब परीक्षा नजदीक आती है, तो छात्र अक्सर तनाव महसूस करते हैं। शिक्षा विभाग की इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मन से इसी डर को निकालना है। प्री-बोर्ड परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थी ठीक वैसे ही माहौल में पेपर लिख रहे हैं, जैसा उन्हें मुख्य बोर्ड परीक्षा में मिलेगा। इससे न केवल उनकी लिखने की गति बढ़ेगी, बल्कि समय प्रबंधन में भी सुधार होगा। जिले में प्री-बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग गंभीर है।

शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जल्द कर बच्चों को उनकी कमियां बताएं। इससे फरवरी में होने वाली मुख्य परीक्षा से पहले छात्रों को अपनी कमियों में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा। शिक्षा विभाग का यह प्रयास निश्चित रूप से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। दबाव मुक्त होकर परीक्षा देने से छात्र बेहतर परिणाम हासिल कर सकेंगे।

## छात्र परख रहे अपनी तैयारी, 23 जनवरी तक चलेगी प्री बोर्ड परीक्षा

### फरवरी के तीसरे सप्ताह से मुख्य परीक्षा का आगाज

इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। समय-सारिणी के अनुसार कक्षा 12वीं की मुख्य परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होकर 10 मार्च तक चलेगी वही कक्षा 10वीं की मुख्य परीक्षा 21 फरवरी से शुरू होकर 7 मार्च तक आयोजित की जाएगी। दृष्टिहीन और मूकबधिर विद्यार्थियों के लिए परीक्षाएं 13 मार्च तक संपन्न होंगी।




### कमियों को सुधारने का सुनहरा मौका

प्री-बोर्ड परीक्षा दरअसल मुख्य परीक्षा का एक रिहर्सल है। यह परीक्षा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसलिए आयोजित की जाती है ताकि विद्यार्थी अपनी तैयारी की समीक्षा कर सकें। इससे उन्हें यह पता चलता है कि किस विषय में वे कमजोर हैं और किन अध्यायों पर उन्हें अधिक मेहनत करने की जरूरत है। वहीं, परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों का कहना है कि प्री-बोर्ड से उन्हें अपनी गलतियों को पहचानने का मौका मिल रहा है। एक छात्र ने बताया, हमें अब समझ आ रहा है कि उत्तरों को किस तरह से लिखना है ताकि अंक न कटें। इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है।

## कार्रवाई : जनशीली दवाओं के अभियान जारी, पुलिस को मिली सफलता

# ओडिशा से नशीले सीरप की तस्करी, तीन गिरफ्तार, मुख्य सप्लायर भी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिले में अवैध नशीली दवाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को सफलता हाथ लगी है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और सिंघोड़ा पुलिस की संयुक्त टीम ने नशीली कफ सिरप की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस कार्रवाई में पुलिस ने ओडिशा स्थित उनके मुख्य सप्लायर को भी एंड-टू-एंड इन्वेस्टिगेशन के जरिए ढूंढ निकाला। पुलिस को 17 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक भारी मात्रा में नशीली कफ सिरप बेचने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की और संदिग्धों को धर दबोचा। पकड़े गए युवकों की पहचान देवाशीष देवांगन (25 वर्ष) और लव सोनी (23 वर्ष) के रूप में हुई, जो रतनपुर, जिला बिलासपुर के निवासी हैं। तलाशी लेने पर उनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडीन फॉस्फेट युक्त कफ सिरप बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों से जब कड़ी पूछताछ की गई, तो उन्होंने बताया कि वे यह नशीली दवा ओडिशा के बिजेपुर से लेकर आए थे।

उनकी निशानदेही पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर राकेश तांडी (24 वर्ष) को भी गिरफ्तार कर लिया। राकेश तांडी मूल रूप से बिलासपुर का रहने वाला है, जो वर्तमान में ओडिशा के बरगढ़ जिले में रहकर नशे का काला कारोबार चला रहा था।

### कुल 83,908 रुपए का सामान जब्त

पुलिस ने इस पूरी कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से सामान बरामद किया है जिसमें नशीली कफ सिरप 146 नग कीमत लगभग 28,908 रुपए, तस्करी में इस्तेमाल की गई स्कूटी सीजी 10 बीएस 8623, कीमत 40 हजार रुपए, 2 नग स्मार्टफोन कीमत 15,000 रुपऐ, जब्त किए गए कुल मशरूका की कीमत 83,908 रुपए बताई गई है।

### कड़ी धाराओं में कार्रवाई

पुलिस ने बताया कि नशे के विरुद्ध यह कार्रवाई फाइनेंशियल और एंड-टू-एंड इन्वेस्टिगेशन के तहत की गई है, ताकि नशे के स्रोत को खत्म किया जा सके। आरोपियों के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धारा 21(सी) और 29(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर सख्त कार्रवाई, कुल 772 कट्टा धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार निरंतर सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न तहसीलों में मंडी अधिनियम के तहत कई स्थानों पर कल रात और आज कार्रवाई कर कुल 772 कट्टा धान जब्त किया गया। पिथौरा विकासखंड अंतर्गत रजपालपुर, झारमुडा के समीप अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे 100 बोरे धान को पकड़कर मंडी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। वहीं ग्राम भुरकोनी में लखन डडसेना के निवास पर 250 बोरी धान का अवैध भंडारण पाया गया। इस पर राजस्व विभाग एवं मंडी विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए मंडी अधिनियम के तहत धान जब्त किया गया। इसी प्रकार विकासखंड बसना क्षेत्र में अवैध धान परिवहन के एक अन्य प्रकरण में लगभग 200 कट्टा धान जब्त किया गया। वहीं ग्राम पोटापारा में 86 पैकेट अवैध धान पाए जाने पर नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ओडिशा से आ रहे दो पिकअप वाहनों को सरायपाली मंडी सचिव, मंडी कर्मचारियों एवं नाका कर्मचारियों द्वारा जंगलबेड़ा-गोहेरापाली मोड़ पर रोककर जांच की गई, जिसमें लगभग 136 पैकेट धान अवैध रूप से परिवहन करते पाए गए। उक्त धान को मंडी अधिनियम के तहत जब्त किया गया। जिला प्रशासन ने निर्देशित किया है कि अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी तथा आगे भी ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## बम्हनी में हाईवा रोककर पैसे की मांग, मजदूर से मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम बम्हनी में एक युवक द्वारा हाईवा वाहन को रोककर पैसे की मांग करने तथा मजदूर को लोहे की सरिया से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी मोनेश यादव पिता राजू यादव के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी खेलू ध्रुव ने सिटी कोतवाली में बताया कि वह ग्राम चिंगरौद में रहता है। लाफिन रेत खदान में रोजी मजदूरी का काम करता है। 16 जनवरी को शाम 6.30 बजे हाईवा क्रमांक सीजी 04 क्यूए 7537 के ड्रायवर ने फोन पर मुंशी सागर कुंगवानी को बताया कि ग्राम बम्हनी में हाईवा को एक व्यक्ति रोककर रखा है। जिस पर सांगर कुंगवानी ने प्रार्थी खेलू ध्रुव को देखने भेजा। तब प्रार्थी ने गुलशन यादव,खिलावन ध्रुव के साथ मोटर सायकल से राजू यादव के फैक्ट्री के पास ग्राम बम्हनी पहुंचा। जहां हाईवा के पास मोनेश यादव खड़ा था। जिसे रेत खदान से पैसा कमा रहे हो, जाकर पूछा कि गाड़ी को क्यों रोके हो तो मोनेश यादव ने कहा तुम लोग मुझे भी रायल्टी का पैसा चाहिए। तब प्रार्थी ने कहा कि हम सब मजदूर हैं हम कहां से पैस देंगे। इतने में मोनेश यादव द्वारा अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा अपने पास रखे लोहे से प्रार्थी के साथ मारपीट करने लगा। प्रार्थी खेलू ध्रुव सिर में चोट लगा। घटना को गुलशन यादव, खिलावन ध्रुव देखे एवं सुने व बीच बचाव किये। पुलिस ने आरोपी मोनेश यादव के विरूद्ध 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# लगातार दसवीं बार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने अनिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में इस वर्ष एकता और सामंजस्य देखने को मिला। संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा को लगातार दसवीं बार अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खास बात यह रही कि इस बार पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित होकर सामने आई, जो बार की एकजुटता और विश्वास का सशक्त प्रमाण है। चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया से पूर्व ही सभी प्रमुख पदों पर आपसी सहमति बन जाने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने पूरी टीम को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। घोषणा के साथ ही न्यायालय परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल बन गया। अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित



पदाधिकारियों को बधाइयां दीं और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। लगातार नौ बार चुनाव लड़कर विजय हासिल करने वाले अनिल शर्मा ने अधिवक्ता साथियो के भरोसे पर खरा उतरते हुए एक बार फिर नेतृत्व की कमान संभाली है। उनके नेतृत्व में संघ ने पूर्व में भी अधिवक्ताओं के हित, मान-सम्मान और अधिकारों के लिए प्रभावी भूमिका निभाई है। निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत तरुण जलक्षत्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वंदना नंद को महिला उपाध्यक्ष, केके पटेल को सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के पद पर निर्विरोध चुना गया। इसी तरह संघ के सुचारू संचालन के लिए कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में जनक राम साहू, धनेश चंद्राकर, राजेंद्र साहू, दुर्गेश निराला एवं कुंदन चंद्राकर का चयन भी निर्विरोध हुआ। निर्विरोध निर्वाचन के बाद अधिवक्ताओं ने विश्वास जताया कि अनिल शर्मा के नेतृत्व में यह टीम अधिवक्ताओं की एकता को और मजबूत करते हुए उनके हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा और सक्रियता से कार्य करेगी।

## कलेक्टर सहित अधिकारियों ने लिया महोत्सव की तैयारियों का जायजा

# तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव 1 फरवरी से, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक नगरी

- कलेक्टर ने तैयारी तेज करने के निर्देश, ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता का होगा आयोजन महोत्सव में लगाई जाएगी विभागों की स्टाल

सिरपुर में माघ पूर्णिमा पर आयोजित होने वाला तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव 01 से 03 फरवरी 2026 तक भव्य गरिमापूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने अंतिम रूप दिया जा रहा है। महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को दोपहर 12 बजे कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला प्रशासन की टीम सिरपुर पहुंची और आयोजन स्थल सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, सिरपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ धम्मशील गणवीर मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने आयोजन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं जन सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और तैयारी तेज करने के निर्देश दिए। इस बार सिरपुर के वैभव और ऐतिहासिक महत्व को लेकर ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजन कर प्रविष्टियां आमंत्रित की जाएगी।

कलेक्टर लंगेह ने महोत्सव स्थल, स्टेज, डोम में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, पार्किंग, विद्युत व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य मंच तक पहुंचने वाले मार्गों को पर्याप्त चौड़ा रखने, सुगम आवागमन सुनिश्चित करने तथा दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डोम का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि महोत्सव स्थल में विभागीय स्टॉल, स्व-सहायता समूहों के उत्पाद, वन उत्पाद, पर्यटन एवं संस्कृति से जुड़े स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सिरपुर एवं आसपास के स्थानीय व्यवसायियों, सरस मेला, स्व-सहायता समूहों तथा कारीगरों को स्टॉल आबंटन में प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे स्थानीय आजीविका को बढ़ावा मिल सके। स्टॉल ले-आउट के अनुरूप ही इस प्रकार तैयार किया जाए कि आगंतुकों को आसानी से भ्रमण करने की सुविधा मिले तथा आपातकालीन स्थिति में निकास मार्ग बाधित न हो।

### स्थानीय कलाकारों की होगी प्रस्तुति

महोत्सव के दौरान बॉलीवुड कलाकारों सहित स्थानीय एवं छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की आकर्षक छटा देखने को मिलेगी। इस अवसर पर प्रतिदिन महानदी आरती का आयोजन भी किया जाएगा। कलेक्टर ने मुख्य मंच को आकर्षक एवं सांस्कृतिक थीम आधारित साज सज्जा देने के निर्देश दिए। महोत्सव परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साफ-सफाई एवं कचरा प्रबंधन के लिए स्थानीय पंचायत को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रत्येक दिन कार्यक्रम समाप्ति के बाद कचरा उठाव अनिवार्य रूप से किया जाएगा। सड़क किनारे लगे स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत एवं अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था तथा महोत्सव परिसर की सड़कों की आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए हैं। पेयजल टैंकरों के नियमित क्लोरीनेशन एवं गुणवत्तापूर्ण जल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल का विस्तृत ले-आउट अनुसार अतिशीघ्र तैयारी कर लें तथा विभिन्न जन सुविधाओं के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम महासमुंद अक्षा गुप्ता, सरपंच पुष्पा के माली, तहसीलदार, जनपद सीईओ, लोक निर्माण, पीएचई, आरईएस शिक्षा, श्रम, पीएचई, जल संसाधन, कृषि, महिला बाल विकास, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाली निर्माण का पालिका अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



**महासमुंद**। नगर के वार्ड क्र. 26 स्थित कालेज रोड से पीआर साहू घर तक 3 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्थानीय वार्ड पार्षद पीयूष साहू के साथ पालिका के अन्य पार्षदों की उपस्थिति में किया। साहू ने नाली निर्माण कार्य पर वार्डवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शहर में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। गंदे पानी को व्यवस्थित करने सभी वार्डों में नाली निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। नाली बनने से स्थानीय लोगों को गंदे पानी की समस्या व बारिश के समय जल भराव से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने कृत संकल्पित हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, पूर्व अध्यक्ष पवन पटेल, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद गण शुभ्रा मनीष शर्मा, भाऊराम साहू, चंद्रशेखर बेलदार, माधुरी धनीराम यदु, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, वार्डवासी भुनेश्वरी साहू, रामकुमार चंद्राकर, अंकुश चंद्राकर, शंकर साहू, संतोष साहू, तेजराम चंद्राकर, ज्योति ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### खेत से सोलर पंप चोरी

**महासमुंद**। ग्राम धूपेनडीह के एक खेत में लगे सोलर पंप पैनल की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गयाहै। प्रार्थी सदानंद पटेल ने पुलिस को बताया कि उसने अपने खेत में शासन द्वारा प्रदत्त सोलर पंप को डीही खार खेत में लगाया था, जिसे अज्ञात चोरी ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### 3 तस्करों से 3000 नशीली गोलियां और कार जब्त

**रायपुर**। गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक्सप्रेस-वे रोड के पास पंप हाउस के सामने क्विड कार को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी लेने पर कार में तीन लोग सवार थे। इनमें प्रवीण बघेल 23 वर्ष निवासी न्यू शांति नगर, भावेश खटवानी 32 वर्ष निवासी लोधीपारा एवं राज दास 24 वर्ष निवासी न्यू शांति नगर चांदनी चौक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 300 स्ट्रिप्स एवं मोबाइल जब्त किया। नशीली गोलियां, वाहन एवं अन्य सामग्री की कुल जुमला कीमत लगभग 4 लाख रुपए आंकी गई है। सभी आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### दिव्यांग बच्चों के लिए दी बीपी शुगर टेस्टिंग मशीन



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित प्री-प्रायमरी विशेष स्कूल में शनिवार को जैन संवेदना ट्रस्ट ने दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन करने मुलाकात की। इसी दौरान जैन संवेदना ट्रस्ट की ओर से इन बच्चों की जांच के लिए बीपी शुगर टेस्टिंग मशीन स्कूल को प्रदान की। इस अवसर पर महेंद्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बच्चों के पालकों की सराहना की, क्योंकि दिव्यांग बच्चे पालकों की मेहनत लगन धैर्य से ही जीवन में विकास कर सकते हैं और समाज की मुख्यधारा में जुड़ सकते हैं। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा मूक पशु पक्षियों की सेवा, मानव सेवा के अंतर्गत श्रवण यंत्र, कृत्रिम हाथ, कैलिपर्स, वैशाखी, बीपी नापने की मशीन, शुगर टेस्टिंग मशीन का निशुल्क वितरण तथा मानव कल्याण में साधर्मिक भाई बहनों के स्वावलंबी जीवन, व्यवसायिक उत्थान व विवाह योजना पर लगातार कार्य किए जाते हैं।

### जरवाय में 9 करोड़ की लागत से अमृत उद्यान

रायपुर। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने अधिकारियों के साथ शनिवार को जरवाय क्षेत्र का निरीक्षण किया। अमृत मिशन के तहत वहां खाली पड़ी 10 एकड़ शासकीय भूमि पर 9 करोड़ की लागत से उद्यान बनेगा। इससे हीरापुर, जरवाय, अटारी क्षेत्र के रहवासियों को सर्व सुविधा युक्त गार्डन की सुविधा मिलेगी।

### किसानों के घर-घर जाकर धान सत्यापन करने की कार्रवाई की कड़ी निंदा

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के घरों में जाकर धान का सत्यापन करने की प्रक्रिया पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आपत्ति जताई है। राज्य में गिरदावरी, एग्री स्टैक पोर्टल पर पंजीयन और सोसाइटी में टोकन कटने की औपचारिकताओं के बाद भी सरकार के अधिकारी किसानों के घर पहुंचकर धान की जांच कर रहे हैं। यह कार्रवाई किसानों की मेहनत और सम्मान पर सीधा प्रहार है। क्या किसान चोर हो गए हैं? क्या उनकी मेहनत से उगाई गई फसल पर अब शक किया जा रहा है? भाजपा सरकार की यह नीयत किसानों को अपमानित करने और उन्हें संदिग्ध ठहराने की लग रही है। उन्होंने कहा, यदि सरकार के पास समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है या भ्रष्टाचार रोकने के नाम पर ऐसी अनावश्यक प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं, तो यह किसानों के साथ धोखा है। पिछली कांग्रेस सरकार में धान खरीदी पारदर्शी और किसान-हितैषी रही है, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियां किसानों को परेशान कर रही हैं।

प्रदर्शन : 60 वर्षीय शिक्षक सनातन साहू ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में हुआ योग प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




स्थानीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम प्राचार्य अरुण प्रधान एवं उप प्राचार्य उमादेवी के मार्गदर्शन में हुआ। संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता संतोष साहू एवं टेकराम सेन ने बताया कि पांच दिवसीय इस योग प्रशिक्षण में जिलेभर से 65 प्रतिभागियों द्वारा हिस्सा लेते हुए प्रतिदिन प्रातः योगाभ्यास प्राणायाम एवं दोपहर अन्य गतिविधियों एवं योग के बारीकियों पर जिला मास्टर ट्रेनर्स राधेश्याम साहू, कामता प्रसाद साहू, अंजनी साहू द्वारा योग की महत्ता प्रतिपादित करते हुए प्रशिक्षण दिया गया।

प्राचार्य अरुण प्रधान ने कहा कि योग ऋषि मुनियों द्वारा दिया गया ऐसा वरदान है। जिसके माध्यम से हम अपने तन एवं मन को स्वस्थ्य रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि योग शिक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का अभिन्न अंग है। इसे पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में एकाग्रता एवं स्वस्थ वातावरण लाना है। सहायक प्राध्यापक राजेश चंद्राकर ने कहा कि योग प्रशिक्षण के माध्यम से तन एवं मन को सुंदर एवं आकर्षक बना सकते हैं। व्याख्याता टेकराम सेन ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से जिले के होनहार एवं प्रभावी शिक्षकों को जानने का अवसर मिला है। उन्होंने सनातन साहू द्वारा प्रदर्शित 30 से 40 मिनट के शीर्षासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह का अद्भुत प्रदर्शन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। सभी विकासखंड के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण के संदर्भ में जानकारी दी गई सभी ने भारमरी, पदमासन, शीर्षासन एवं सभी आसनों का प्रदर्शन भी किया। समापन सत्र में शिक्षिका फूलेश्वरी दीवान, दीप मालिका एवं हरदयाल बाघ एवं साथियों द्वारा आकर्षक सुआ नृत्य की प्रस्तुत दी गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्रभारी संतोष साहू, सहायक प्राध्यापक सुलमा द्विवेदी, व्याख्याता किरण कन्नौजे, दुर्गा सिन्हा, सुमन दीवान, लक्ष्मी सिन्हा, तिलोतमा प्रधान, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू का विशेष योगदान रहा।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ब्लाक इकाईयों का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ संगठनात्मक चुनाव को लेकर निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया। जिला के निर्वाचन प्रभारी संगठन के उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि यह निर्वाचन संघ के संविधान के भाग दो संगठन की कंडिका 6 की उप कंडिका 1 से 7 और 9 के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए कराया जाएगा। निर्वध्न निर्वाचन कार्यक्रम के लिए सभी विकासखंडों में निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। जिसमें सरायपाली के लिए सीएल पुहुप प्राचार्य एवं अशोक साहू प्रधान पाठक, बसना के लिए सुशील कुमार सिन्हा, ध्रुव कुमार बारिक, पिथौरा के लिये आरके पुरोहित, शंभू शंकर मिश्रा, बागबाहरा के लिए महेंद्र सिंह मरकाम, केवलराम टंडन, महासमुंद के लिए मानिकलाल साहू एवं भगोलीराम साहू को निर्वाचन एवं उप निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।

निर्वाचन प्रभारी सेन ने बताया कि सभी विकासखंडों के चुनाव के लिये 18 जनवरी को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सूची में दावा आपत्ति 21 जनवरी तक किया जा सकेगा। प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण 22 जनवरी को किया जाएगा। अंतिम प्रकाशन 23 जनवरी एवं 24 जनवरी 2026 को चुनाव संपूर्ण प्रक्रियाओं के साथ होगा एवं उसी दिन मतदाता व मतगणना की जाएगी। उक्त निर्वाचन कार्य के लिये जिला पर्यवेक्षकों की नियुक्ति भी कर दी गई है। जिसमें चंद्रहास पाल सरायपाली, अशोक शर्मा बसना, यूके दास पिथौरा, ज्योतिष चौधरी बागबाहरा, राजेंद्र इंगोले महासमुंद होंगे। निर्वाचन प्रभारी टेकराम सेन द्वारा अपील की गई है कि संगठन शक्ति को मजबूती प्रदान करने के लिए विकासखंडों मंए सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्यय करें। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ राज्य कासबसे बड़ा पंजीकृत संगठन है।

राज्य के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती, जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, सचिव अविनाश लाल, प्रमुख संगठन मंत्री राजेंद्र इंगोले सभी विकासखंडों के निर्वाचन के लिए तैयारी में जुट चुके हैं। उक्त जानकारी महासमुंद विकासखंड के सहायक निर्वाचन अधिकारी भगोलीराम साहू ने दी है।

## शराब का अवैध परिवहन, दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शराब का अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने ग्राम लाटादादर के पास एक बाइक से ब्रिकी करने के लिए अवैध रूप से शराब ले ज रहे रोशन कुमार पिता बेडा कुमार (22 साल) खुर्सीपार, नोएल तांडी पिता जोसफ तांडी (35 साल) खुर्सीपार को पकड़ा। आरोपियों के कब्ज से 10 लीटर महुआ शराब कीमत 2000 रुपए और एक बाइक को बरामद किया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## अफसर की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग, अपडेट होगा विभागाध्यक्ष भवन का अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हार्ट अटैक से अफसर की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग के नवा रायपुर विभागाध्यक्ष भवन में दस बिस्तर का अस्पताल संसाधनों से लैस होगा। विभागाध्यक्ष सहित आसपास के शासकीय कार्यालयों में आने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों की उपचार व्यवस्था के लिए खोला गया अस्पताल सुविधाहीन था। खड़े हुए सवालों के बाद हेल्थ सेंटर को सुविधा से लैस करने के साथ आवश्यक स्टाफ से लैस किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार विभागाध्यक्ष भवन में काफी समय से दस बिस्तर अस्पताल का संचालन किया जाता है। अक्सर यह शिकायत सामने आती रहती थी कि यहां डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टॉफ की उपस्थिति काफी कम संख्या में होती है। इसके अलावा जरूरत होने पर कर्मचारियों को वहां जरूरी दवाएं भी नहीं मिल पातीं। शिकायतों के बीच पिछले दिनों एक अफसर को मंत्रालय जाने के दौरान हार्ट अटैक आ गया। सहकर्मियों ने गंभीर हालत में उन्हें शहर के निजी अस्पताल पहुंचाया, मगर उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस घटना के बाद वहां के कर्मचारियों ने स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए दी गई सुविधा पर सवाल उठाया था। घटना के बाद संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने स्वयं विभागाध्यक्ष भवन जाकर वहां मौजूद 10 बिस्तर अस्पताल का निरीक्षण किया था। वहां मिली बेहद कमियों पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की थी। उनके द्वारा जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इस 10 बिस्तर अस्पताल में जरूरी सुधार के निर्देश दिए थे।

# महाविद्यालय में बीएड शिक्षण अधिगम प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शिक्षक प्रशिक्षण को व्यवहारिक एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय के शिक्षा संकाय बीएड द्वारा शिक्षण अधिगम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ निर्णायक के रुप में उपस्थित देवराज वर्मा प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर, कल्पना साहू शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला बेलसोंडा, महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर एवं बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्रदर्शनी का अवलोकन निर्णायक, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षा संकाय के प्राध्यापकगण द्वारा किया गया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

प्रदर्शनी में बीएड प्रशिक्षार्थियों द्वारा शिक्षण अधिगम से संबंधित विविध शिक्षण सहायक सामग्री, मॉडल, चार्ट, कार्यपत्रक एवं नवाचार आधारित शिक्षण उपकरण प्रदर्शित किए गए। इन शिक्षण साधनों के माध्यम से विद्यार्थियों ने विषयवस्तु को सरल, रोचक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवराज कहा कि आज की यह प्रदर्शनी यह सिद्ध करती है कि हमारे भावी शिक्षक केवल विषयवस्तु के ज्ञाता ही नहीं, बल्कि नवाचार, रचनात्मकता एवं व्यवहारिक शिक्षण के प्रति भी पूर्णतः सजग हैं। प्रदर्शनी में प्रस्तुत शिक्षण सहायक सामग्री, मॉडल, चार्ट एवं गतिविधि आधारित साधनों में स्पष्ट रूप से नई शिक्षा नीति, छात्र-केंद्रित शिक्षण तथा सीखने को रोचक बनाने की भावना दिखाई देती है। कल्पना साहू ने कहा कि कई प्रस्तुतियां ऐसी है, जिनमें जटिल विषयों को भी सरल, स्पष्ट एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया। आप सभी प्रशिक्षार्थियों में विषय की समझ के साथ-साथ प्रस्तुतीकरण कौशल, आत्मविश्वास एवं नवाचार की भावना प्रबल है। उन्होंने आगे कहा कि आप इस प्रकार के नवाचारी शिक्षण तरीकों को अपने भावी शिक्षण कार्य में निरंतर अपनाएँ। याद रखिए, एक अच्छा शिक्षक वही होता है जो विद्यार्थियों के मन में सीखने की जिज्ञासा जगा सके।



इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर ने कहा कि शिक्षण अधिगम प्रदर्शनी से भावी शिक्षकों में रचनात्मकता, नवाचार एवं व्यवहारिक शिक्षण कौशल का विकास होता है। इससे कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी एवं छात्र-केंद्रित बनाया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएड विभागाध्यक्ष ने कहा कि आज की यह प्रदर्शनी यह सिद्ध करती है कि हमारे भावी शिक्षक केवल विषयवस्तु के ज्ञाता ही नहीं, बल्कि नवाचार, रचनात्मकता एवं व्यवहारिक शिक्षण के प्रति भी पूर्णतः सजग हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ शत्रुघन पटेल, नम्रता देवांगन, पूनम कंजोसिया, नरेंद्र चौहान, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, हीना चंद्राकर, रेशम साहू, अर्शिन सालोमन, भूमिका दुबे, गोविंद श्रीवास, नरेंद्र तांडी, देवानंद चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## फिजूलखर्ची बचाने साहू समाज का निर्णय प्री वेडिंग शूट को पूर्ण रूप से करेंगे बंद

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने शादी से पहले दूल्हा और दुल्हन के होने वाले फोटोशूट (प्री-वेडिंग शूट) को फिजूल खर्च मानते हुए इसे पूर्ण रूप से बंद कराने का निर्णय लिया है। यह निर्णय एक प्रकार से प्री-वेडिंग शूट का बहिष्कार भी है, क्योंकि इसके कारण शादी जैसे पवित्र बंधन के दौरान समाज की मूल संस्कृति व परंपराओं को भी युवा पीढ़ी भूलने लगे है।



प्री-वेडिंग शूट को बंद कराने से न केवल फिजूल खर्च नहीं होगा, बल्कि समाज की परंपराओं को युवा के साथ भविष्य की पीढ़ी भी अपनाएगी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू की अध्यक्षता में संघ की बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेशभर के जिलाध्यों को बुलाया गया था। प्रदेश संयुक्त सचिव प्रदीप साहू ने बताया की बैठक में समाज की वर्तमान स्थिति, संस्कारों के क्षरण और दिखावे की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर मंथन किया गया। गहन विचार-विमर्श के उपरांत समाजहित में ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि साहू समाज में प्री-वेडिंग शूट को पूर्णतः बंद किया जाएगा। यह निर्णय समाज में बढ़ते फिजूलखर्ची, दिखावे और संस्कारहीन परंपराओं पर सीधा प्रहार को देखते हुए लिया है। प्रदीप साहू ने बताया कि समाज सदैव सादगी, संस्कार और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा है, और इस निर्णय के माध्यम से समाज को पुनः अपनी मूल संस्कृति की ओर लौटाने का संकल्प लिया गया है। इसके साथ ही समाज परिवार संस्कार विकाश अंतर्जातीय विवाह को रोकने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में इस पर भी चर्चा हुई कि समाज में बड़ी संख्या में तलाक हो रहे हैं। इसे रोकने के लिए पारिवारिक काउंसलिंग कराए जाने का निर्णय भी लिया है। बैठक में समाज के संस्कार विकास, सामाजिक एकता और अनुशासन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का भी निर्णय लिया है। बैठक में कहा गया कि जो परंपराएं समाज को कमजोर करती हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## ओपन टॉयलेट में गिरने से पांच साल की मासूम की मौत, सफाई के लिए खुलवाया था मालिक ने, मौसी की गोदभराई में आई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र में ओपन टॉयलेट में गिरने से एक पांच साल की मासूम की मौत हो गई। बताया जा रहा है, मासूम अपनी नानी के साथ टॉयलेट करने गई थी। इस दौरान मासूम खुले टॉयलेट के अंदर दौड़ते हुए चली गई और बोरी में ढके गड्ढे में पैर पड़ने से मासूम की टॉयलेट के अंदर गिरने से मौत हो गई। घटना शनिवार दोपहर एक बजे की है।

गोबरा नवापारा, कुर्रा पटेवा निवासी एलन महिलांग की बेटी रिया (5) की खुले टॉयलेट में गिरने से मौत हुई है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक रिया अपनी मां साधना के साथ अपनी मौसी की गोद भराई के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि मूलतः बलौदाबाजार निवासी कमलेश धृतलहरे जो एलन का साढ़ू है, कमलेश पंडरी में शीतला मंदिर के पास सतनामीपारा में जीवन लाल कुर्रे के मकान में किराए से रहता है। कमलेश की पत्नी गर्भवती है, जिसका शनिवार को गोद भराई का कार्यक्रम था। इसीलिए साधना अपनी छोटी बहन के यहां आई थी।



### दो घटना में तीन बच्चों की हो चुकी है मौत

*वर्ष 2024 नवंबर में तथा अप्रैल 2025 में इस तरह की दो घटनाओं में तीन बच्चों की मौत हुई थी। पहली घटना 11 नवंबर 2024 को हुई थी, जिसमें रायपुर के सरकारी स्कूल के पास 2 बच्चे जो रिश्ते में मौसेरे भाई सत्यम (8) तथा आलोक (7) खेलते-खेलते सड़क किनारे बने पानी से भरे गड्ढे में गिर गए। गड्ढे की गहराई ज्यादा होने के कारण वे बाहर नहीं निकल पाए और डूबने से उनकी मौत हो गई। एक अन्य घटना में 13 अप्रैल 2025 को ईडब्ल्यूएस कॉलोनी गुलमोहर पार्क, रामनगर में हुई थी। निगम की ओर से खोदे गए गड्ढे में 3 बच्चे गिर गए थे। इसमें से एक बच्चे की मौत हो गई थी, जबकि स्थानीय लोगों की मदद से दो बच्चों को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।*

आधा दर्जन बदमाशों के पकड़े जाने का यह पहला मामला

रांची में वारदात करने पहुंचे थे, चोरी करने के लिए बाइक तलाश रहे थे इस दौरान पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

# घूम घूमकर उठाईगिरी करने वाले त्रिची गिरोह के आधा दर्जन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देश में घूम-घूमकर उठाईगिरी करने वाला तामिलनाडु, तिरुच्चिराप्पल्ली (त्रिची) गिरोह के एक साथ छह बदमाशों को क्राइम ब्रांच की टीम झारखंड, रांची से गिरफ्तार कर रायपुर लाई है। गिरोह में शामिल शातिरों ने देवेंद्र नगर तथा गंज थाना क्षेत्र में दो उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया था। बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद बस से दुर्ग फरार हुए, इसके बाद डब्लूटी ट्रेन से फरार हुए थे। त्रिची गिरोह के एक साथ छह बदमाशों को दबोचे जाने का देश में यह पहला मामला है। इसके पूर्व भी गिरोह के सदस्य छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में पकड़े गए हैं, लेकिन उनकी संख्या एक दो की रहती थी। गिरोह में शामिल शातिर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में माहिर होते हैं।

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने त्रिची गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि उठाईगिरी करने के आरोप में किट्टू, ए. विनोद कुमार, बाला मुरूगन, कुमरेशन डी., स्कर के. तथा रंगन ए. को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शातिरों के गिरोह को रामजी नगर गिरोह के नाम से भी जाना जाता है।



### पुलिस ने ऐसे ट्रेस किया गिरोह को

एक ही दिन में कार का शीशा तोड़ कर दो उठाईगिरी की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के साथ शहर के व्यस्त बाजारों के साथ बस टर्मिनल, रेलवे स्टेशन के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। इस दौरान पुलिस को रेलवे ट्रैक के किनारे आधा दर्जन संदिग्धों के फूटेज मिले। रायपुर के साथ दुर्ग, डोंगरगढ़, गोंदिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर पुलिस को संदिग्धों के फूटेज मिले। इसके बाद पुलिस को बदमाशों के रांची में होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस की आधा दर्जन की टीम गठित कर रांची रवना किया।



### रांची के पर्यटक स्थल पर दबोचे गए

*त्रिची गिरोह के बदमाश रांची पहुंचने के बाद वहां के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल धुर्वा डैम पहुंचे। वहां शातिर एक पार्किंग में उठाईगिरी करने के लिए बाइक चोरी करने की फिराक में घूम रहे थे। इसी बीच पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर सभी बदमाशों को दबोच लिया। मौके का फायदा उठाकर एक बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा।*

### त्रिची पहुंचने के बाद पकड़ना मुश्किल

*आईडेंटीफाई बदमाश त्रिची पहुंच जाते, इसके बाद उन्हें पकड़ना मुश्किल था। शातिर तिरुच्चिराप्पल्ली के जिस इलाके में रहते हैं, उस पूरे क्षेत्र में अलग-अलग उठाईगिरी करने वालों का गिरोह रहता है। पुलिस के आने पर शातिर अलर्ट हो जाते हैं। पुलिस के आने पर महिलाएं पुरुषों को भगा देती हैं। साथ ही जरूरत पड़ने पर पुलिस पर हमला तक कर देती हैं।*

## छठवीं पास ने दो दर्जन लोगों को क्रिप्टो, शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर ठग लिया सवा करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

क्रिप्टो करेंस, शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा का झांसा देकर एक करोड़ 35 लाख रुपए की ठगी करने के आरोपी को पंडरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ टिकरापारा थाना में ठगी का अपराध दर्ज है। जालसाज ने 26 अलग-अलग लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। ठगी के आरोप में पुलिस ने देवपुरी निवासी कुलदीप भतपहरी को गिरफ्तार किया है। कुलदीप के खिलाफ अमित दास ने इसी महीने पंडरी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। अमित ने पुलिस को बताया कि कुलदीप के साथ वर्ष 2021-22 उसकी पहचान हुई थी। तब कुलदीप ने अमित को अपना परिचय शेयर मार्केट, आईपीओ, एनएसई सहित अन्य वित्तीय लेन-देन के साथ क्रिप्टो करेंसी निवेश का एडवाइजर होना बताया था। इसी तरह से कुलदीप ने अपने आसपास के लोगों को अपना परिचय वित्तीय लेन देन का सलाहकार होने का झांसा देकर उन लोगों को मुनाफा दिलाने का झांसा देकर भारी रकम निवेश कराया। जिन लोगों से कुलदीप ने रकम निवेश कराया, उन्हें कुछ समय रकम रिफंड भी किया। इसके बाद वह दिसंबर 2024 में फरार हो गया।



## खबर संक्षेप

### गांडा समाज बागबाहरा अध्यक्ष बने हीरा राम

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ गांडा समाज विकासखंड बागबाहरा की त्रैवार्षिक निर्वाचन विधिवत हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी बंशीलाल ताण्डी के मार्गदर्शन, पीठासीन अधिकारी सूबेसिंह चौहान, देवप्रसाद चौहान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, पदुमलाल चौहान विकासखंड सचिव पिथौरा उपस्थित थे। जबकि, महासमुंद नगर अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल जिला पर्यवेक्षक के रूप में सम्मिलित हुए। जानकारी के अनुसार 8 जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। 9 से 10 तक नामांकन के लिए समय निर्धारित किया गया था। 11 जनवरी 8 बजे रात्रि तक नाम वापसी का समय निर्धारित था। अधिसूचना के अनुसार विकास खंड अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का निर्वाचन होना सुनिश्चित था। अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन किया जाना था। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक पद के लिए मैदान में दो-दो उम्मीदवार खड़े थे। जिसमें विकासखंड अध्यक्ष में हीरा राम नेताम, विखं सचिव में चुम्मन लाल जगत, कोषाध्यक्ष नरोत्तम जगत निर्वाचित हुए। निर्वाचन कार्य में मोती राम पांडे, टोमन सिंह कागजी, महेंद्र बघेल, मदन भारती, धरम सिंह महानंद, सुरेश क्षेत्रपाल, महेश चौहान, बृजलाल सोनवानी, विशेष रूप से उपस्थित थे। इसमें स्थानीय वार्ड पार्षद थानूराम पांडे का सहयोग रहा। उपरोक्त जानकारी नवनिर्वाचित विकासखंड सचिव चुम्मन जगत ने दी है।

### पद्मा साहू ने व्यक्तिगत एवं मिक्स टीम में जीता कांस्य पदक

# राष्ट्रीय शालेय तीरंदाजी प्रतियोगिता इंफाल में बागबाहरा की पद्मा ने जीते 2 कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता तीरंदाजी अंडर 19 वर्ष बालक एवं बालिका का आयोजन 14 से 18 जनवरी 2026 तक इंफाल वेस्ट (मणिपुर) में आयोजित किया गया, जिसमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल बागबाहरा से 04 खिलाड़ी पदमा साहू पिता वेदराम साहू, नवलीन कौर पिता अरविंद छावड़ा, सत्यभामा पिता मोतीलाल साहू व जया साहू पिता सोमनाथ साहू एवं आशीबाई लक्ष्मीचंद गोलछा विद्यालय बागबाहरा से एक खिलाड़ी सारोन मेहर पिता फागुलाल मेहर का चयन हुआ। सभी खिलाड़ी बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा में तीरंदाजी खेल का अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए जिले से चयनित हुए हैं।

छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय टीम के चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 9 से 11 जनवरी तक बिलासपुर में आयोजित किया गया। पदमा साहू पिता वेदराम साहू ने तीरंदाजी कंपाउंड राउंड में व्यक्तिगत प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए कास्य पदक जीता एवं मिक्स टीम में राजनांदगांव के रुस्तम साहू के साथ पद्मा ने बेहतर प्रदर्शन कर महाराष्ट्र के इंडिया प्लेयर को हराकर कांस्य पदक जीतकर जिले व प्रदेश को गौरवांवित किया हैं। अधीक्षक बाल आश्रम पुनेद्र चंद्राकर ने पद्मा को प्रेरित कर तीरंदाजी खेल प्रारंभ कराया, जहां पद्मा प्रतिदिन अभ्यास करते हुए स्कूल नेशनल राजस्थान में तीसरा स्थान प्राप्त करने में सफल रहीं। पद्मा ने 40 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता जनवरी 2024 रायपुर में 30 मीटर में कांस्य पदक, व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक और मिस्क टीम में रजत पदक सहित कुल 03 पदक जीतने में सफलता हासिल कर चुकी हैं। पद्मा ने 38 वीं नेशनल गेम्स उत्तराखंड 2025 में भागीदारी कर कर चुकी है। डॉ. विकास अग्रवाल पूर्व अधीक्षक एवं वर्तमान अधीक्षक डॉ. पूर्णेंद्र चंद्राकर बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा के माध्यम से वर्ष 2008 से अब तक बॉल आश्रम बिहाझर में तीरंदाजी खेल का अभ्यास शुरू कर लगातार संचालित किया जा रहा हैं, जहां से अब तक 18 से अधिक खिलाड़ियों ने लगभग 46 से अधिक नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप में भागीदारी कर 26 राष्ट्रीय पदक जीतने में सफलता हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया हैं। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा पूर्व में खेल संसाधन उपलब्ध कराने एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विद्यालय को खेल सामग्री प्रदाय करने से क्षेत्र में तीरंदाजी खेल के प्रशिक्षण एवं खेल को आगे बढ़ाने में गति मिली है। जिला तीरंदाजी संघ बागबाहरा जिला महासमुंद द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर कौशल विकास में योगदान देने के साथ ही कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किए जाने से जिले के खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिली हैं। पद्मा साहू के पदक जीतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, छात्रावास अधीक्षक डॉ. पूर्णेंद्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ बागबाहरा जिला महासमुंद के अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, रंजीत कौर, भोपाल सिंह बंजारा, टीम प्रशिक्षक दुर्गेश नंदिनी खेल एवं युवा कल्याण रायपुर, व्यायाम शिक्षक ऋषि कपूर साहू, हिरेंद्र देवांगन, शैलेश शुक्ला, डॉ. सुनील कुमार भोई, पिरीत साहू, संजय पैकरा, रिंकल बग्गा, सोमनाथ साहू, मुकेश वेगड़, संजय सोनवानी, कमला मांझी, बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा के समस्त खिलाड़ी, प्राचार्य स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बागबाहरा एवं समस्त स्टॉफ, प्राचार्य आशी बाई लक्ष्मीचंद गोलछा विद्यालय बागबाहरा एवं खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग के समस्त खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

# सिंगबहाल धान खरीदी केंद्र प्रभारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान और बारदाना में कमी पाए जाने के बाद सिंगबहाल धान उपार्जन केंद्र के प्रभारी के खिलाफ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा सरायपाली के ब्रांच मैनेजर ने सिंघोड़ा थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। सिंघोड़ा थाने में दिए गए आवेदन में शाखा प्रबंधक अमृत लाल जगत पिता उत्तम जगत ने पुलिस को बताया कि 14 जनवरी को धान उपार्जन केंद्र सिंगबहाल में अनियमितता पाये जाने के संबंध में प्राप्त शिकायत की जांच तहसीलदार सरायपाली, खाद्य निरीक्षक सरायपाली एवं सहकारिता निरीक्षक सरायपाली के संयुक्त दल के द्वारा की गई थी। प्रार्थी ने बताया कि जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद धान उपार्जन केंद्र सिंगबहाल के प्रभारी शिवशंकर नायक के विरूद्ध एफआईआर कराई गई।

मामले को लेकर बताया कि जांच टीम ने मौके पर शिकायतकर्ता प्रहलाद साहू पिता टिकेश्वर साहू निवासी ग्राम कोईलबहाल के उपार्जन केंद्र में लाये गये धान की जांच की गई जिसमें प्रथम दृष्टया किसान का धान एफएक्यू मानक का नहीं होना पाया गया। जिस आधार पर किसान के द्वारा लाये गये धान की खरीदी नहीं किये जाने एवं उक्त धान की सफाई कर वापस अगले टोकन दिनांक को विक्रय हेतु लाने के लिए निर्देशित किया गया। जांच तिथि 14 जनवरी को किसानों के द्वारा उपार्जन केंद्र में विक्रय हेतु लाये गये धान के बोरों का वजन किया गया, जिसमें बोरों का वजन क्रमशः 41.340 कि.ग्रा., 41.15 कि.ग्रा., 41.100 कि.ग्रा., 40.110 कि.ग्रा., 41.150 कि.ग्रा., 41.800 कि.ग्रा., 41.560 कि.ग्रा. एवं 41.900 कि.ग्रा. होना पाया गया, इससे यह स्पष्ट हुआ कि धान खरीदी केंद्र प्रभारी के द्वारा शासन के द्वारा तय मानक मात्रा से अधिक धान की खरीदी की गई है। जांच के दौरान शिकायतकर्ता प्रहलाद साहू ने बताया कि 13 जनवरी को वह 168 क्विंटल धान विक्रय करने हेतु 4 ट्रैक्टरों में धान खरीदी केंद्र में लाया था, जिसकी ढेरी करने के पश्चात खरीदी केंद्र प्रभारी शिवशंकर नायक के द्वारा जांच किया गया और धान भरने हेतु 420 बोरे प्रदान किए गये, बोरों में धान भरने के पश्चात हमालों के द्वारा बोरों का तौल किया गया जिसमें 412 बोरों का तौल हुआ एवं गिनती हुई तत्पश्चात खरीदी केंद्र प्रभारी के द्वारा धान खराब है, बोलकर उनको 20 बोरी अतिरिक्त धान देने पर ही इसकी खरीदी करने की बात कही गई। इसके चलते शिकायतकर्ता प्रहलाद साहू और खरीदी केंद्र प्रभारी शिवशंकर नायक के बीच में विवाद हुआ है। मौके पर प्रोजेष्ठ प्रधान पिता खगेश्वर प्रधान ग्राम पंडरीपानी के द्वारा भी शिकायत प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात प्रोजेष्ठ प्रधान पिता खगेश्वर प्रधान ग्राम पंडरीपानी ने भी सिंगबहाल समिति प्रबंधक शिवशंकर नायक के द्वारा 1 बोरी अतिरिक्त धान की मांग किए जाने के बात कही। इस दौरान जांच टीम ने धान उपार्जन केंद्र सिंगबहाल के प्रभारी शिवशंकर नायक से भी पूछताछ की, जिस पर उसने किसानों के लगाये गए आरोपों से इनकार किया गया एवं बताया गया कि उनके द्वारा केवल खराब धान होने के कारण खरीदी करने से मना किया गया था एवं अतिरिक्त धान नहीं मांगा गया है। लेकिन मौके पर शिकायतकर्ता प्रहलाद साहू के द्वारा लाए गए धान लगभग 400 बोरा, जिसे खरीदी प्रभारी के द्वारा तौल होने के पश्चात स्वीकार नहीं किया गया था, के बोरों का तौल करके देखा गया, जिसमें तय सीमा से अधिक धान पाया गया, जिससे इस बात की पुष्टि हुई कि कृषकों से शासन द्वारा निर्धारित मानक मात्रा 40.700 कि.ग्रा. प्रति बोरा से अधिक मात्रा में धान तौल कर खरीदी की जा रही थी। जांच प्रतिवेदन के अनुसार धान उपार्जन केंद्र में ऑनलाइन रिपोर्ट के अनुसार 84,222 पॉकिट धान पाया जाना था। जिसके विरूद्ध 83,355 पॉकिट धान पाया गया, जिसमें 867 पाकिट धान वजनी लगभग 346.80 क्विंटल धान की कमी पाई गई है। जिसकी कुल राशि 10,75,080 रुपए होती है तथा बारदाना की जांच करने पर 434 नग पुराना कीमत 10,850 रुपए तथा नया बारदाना 1,651 नग कीमत 1,18,541.80 रुपए की कमी होना पाया गया। इस प्रकार कुल कीमत लगभग 12,04,471.80 रुपए धान उपार्जन केंद्र सिंगबहाल के प्रभारी शिवशंकर नायक के द्वारा शासन के साथ धोखाधड़ी कर शासन को क्षति पहुंचाया गया है। मामले की शिकायत के बाद सिंघोड़ा में आरोपी के विरूद्ध धारा 318 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## निधन

### जमुना बाई चंद्राकर

**कोमाखान।** ग्राम भटगांव (कोमाखान) निवासी जमुना बाई चंद्राकर का स्वर्गवास 18 जनवरी को हो गया।



प्रातः 10 बजे के बाद स्थानीय मुक्तिधाम में उनकी अंत्येष्टि की गई। वे केवल चंद्राकर, सुशील चंद्राकर की माता एवं रवि, धीरज, आयुष, पीयूष चंद्राकर की दादी थीं।

## नवीन पाठ्य-पुस्तक आधारित प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**महासमुंद।** निपुण भारत मिशन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को केंद्र में रखते हुए महासमुंद विकासखंड में कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को भाषा साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में निपुण बनाने के लिए नवीन पाठ्य-पुस्तक आधारित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास, तार्किक क्षमता, रचनात्मकता एवं संज्ञानात्मक कौशल का विकास करना रहा। प्रशिक्षण में चार ब्लॉक मॉड्यूल, अप्रोच, घटक एवं पंचकोशी सिद्धांत के साथ-साथ कला शिक्षा, खेल एवं योग को प्रभावी रूप से समाहित किया गया। गतिविधि आधारित एवं खेल आधारित परिवेशीय वातावरण में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। नवीन पाठ्य-पुस्तकों में हमारी संस्कृति, परंपराओं एवं विलुप्त होती सांस्कृतिक धरोहरों को सुंदर ढंग से समाहित किए जाने पर विशेष चर्चा की गई। शिक्षकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महासमुंद विकासखंड में प्रशिक्षण को तीन जोन में आयोजित किया गया। महासमुंद जोन में संकुल समन्वयक पवन साहू एवं बीआरजी खेमिन साहू, निहारिका चंद्राकर, तुमगांव जोन में संकुल समन्वयक आशीष साहू एवं बीआरजी नीरज साहू, गोपाल साहू, बलराम नेताम, झलप जोन में संकुल समन्वयक कौशल सिन्हा एवं बीआरजी नीलकंठ यादव, सीमा यादव द्वारा प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के निरीक्षण के दौरान जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षा के अधिक अवसर प्रदान करें तथा भाषा ज्ञान के साथ-साथ संख्या ज्ञान पर विशेष ध्यान दें। बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चों की नियमित उपस्थिति सीखने की कुंजी है। उन्होंने शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यालयों के स्टाफ को भविष्य में सम्मानित करने का आश्वासन दिया।

## लाफिनखुर्द एवं मचेवा में उपभोक्ता जागरूकता शिविर लगा

**महासमुंद।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा राज्य शासन के निर्देशानुसार आम उपभोक्ताओं को ई-हियरिंग एवं ई-फाइलिंग की सुविधा के संबंध में जागरूक करने हेतु 16 जनवरी को ग्राम लाफिन खुर्द एवं मचेवा में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला उपभोक्ता आयोग महासमुंद के अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्राही द्वारा पंचायत सभागृह में आयोजित शिविर में उपस्थित महिला एवं पुरुषों को ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से ई-फाइलिंग एवं ई-हियरिंग की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों से भी अवगत कराया। शिविर के दौरान ग्राम लाफिन खुर्द की सरपंच जानकी साहू तथा ग्राम मचेवा की सरपंच प्रमिला संजय ध्रुव ने उपभोक्ताओं को वर्तमान समय में अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया। जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य गिरी श्रीवास्तव एवं टी. दुर्गा ज्योति राव द्वारा उपभोक्ता की परिभाषा, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं आयोग के डीएमए युवराज साहू ने ई-फाइलिंग से संबंधित तकनीकी पहलुओं को सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि किस प्रकार उपभोक्ता घर बैठे ही अपनी शिकायत न्यायालय तक ऑनलाइन माध्यम से पहुंचा सकते हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लाफिन खुर्द से पंचायत सचिव माधुरी चौहान एवं ग्राम पंचायत मचेवा से पंचायत सचिव बंसी पटेल, उपसरपंच जितेंद्र कुमार साहू, कर्मचारी सती मेनन एवं देव प्रसाद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अविरल सितली निर्मल सितली अभियान सुचारू रूप से संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शहर की जीवनदायिनी सितली नाला के संरक्षण और संवर्धन के संकल्प के साथ स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा प्रारंभ किया गया अविरल सितली निर्मल सितली अभियान सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। इस महत्वाकांक्षी अभियान के अंतर्गत सितली नाले के पुनरुद्धार और स्वच्छता के कार्य में प्रशासनिक पारदर्शिता और जन-भागीदारी का समन्वय देखने को मिल रहा है।

बता दें कि आज राजस्व विभाग के पटवारी और आरआई (राजस्व निरीक्षक) की विशेष उपस्थिति में सितली नाला क्षेत्र का विधिवत एवं सूक्ष्मता से सीमांकन कार्य किया गया। इस सीमांकन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नाले के पुनरुद्धार कार्य के दौरान किसी भी स्थानीय किसान या नागरिक की निजी लगानी जमीन प्रभावित न हो और सभी की भूमि पूरी तरह सुरक्षित रहे, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो सके। अभियान की प्रगति और आगामी रूपरेखा के विषय में जानकारी साझा करते हुए समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाणिग्रही और सचिव मोहन साहू ने एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी की है। उन्होंने बताया कि इस पुनीत कार्य में समाज के हर वर्ग का सहयोग प्राप्त हो रहा है। आगामी 20 जनवरी, मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) महासमुंद के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में इस अभियान का हिस्सा बनेंगे। संघ के स्वयंसेवक प्रातः 7:30 बजे सितली नाला तट पर एकत्रित होकर प्रातः 8:30 बजे तक पूर्ण निष्ठा के साथ सामूहिक श्रमदान करेंगे, जिससे अभियान को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। साथ ही आगामी 23 जनवरी शुक्रवार को महासमुंद के प्रतिष्ठित व्यावसायिक केंद्र गोलबाजार के सदस्य और व्यापारीगण भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए इस अभियान में शामिल होकर श्रमदान करेंगे। सचिव मोहन साहू ने समाज के प्रति अपना आह्वान दोहराते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक समिति का नहीं, बल्कि पूरे महासमुंद की अस्मिता और पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। उन्होंने अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति विशेष, पर्यावरण प्रेमी, सामाजिक संगठन, धार्मिक संस्था, संघ या एसोसिएशन पर्यावरण संरक्षण के इस महायज्ञ में अपनी आहुति देना चाहते हैं, तो वे निर्धारित समय प्रातः 7:30 से 8:30 के बीच कभी भी अपनी सुविधा अनुसार उपस्थित होकर नियमित श्रमदान कर सकते हैं। समिति का मानना है कि सामूहिक प्रयासों से ही हम सितली नाले को उसके प्राचीन और स्वच्छ स्वरूप में वापस ला पाएंगे, जिससे न केवल जलस्तर में सुधार होगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र भी निर्मित होगा।

## प्रयोगशाला सुरक्षा मानकों के बारे में कॉलेज छात्रों ने जाना

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के सूक्ष्म जीवविज्ञान विभाग द्वारा माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी के तत्वावधान में पैथोलॉजी एवं इम्यून डिटेक्शन टेक्नोलॉजी में हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण विषय पर एक दिवसीय प्रयोगशाला आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को क्लिनिकल एवं पब्लिक हेल्थ माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशालाओं में उपयोग की जाने वाली आधुनिक एवं मानक तकनीकों की व्यावहारिक एवं समग्र जानकारी प्रदान करना था। प्रशिक्षण के अंतर्गत नमूना संग्रहण एवं प्रोसेसिंग, सूक्ष्मदर्शीय परीक्षण, कल्चर तकनीक, जैव-रासायनिक परीक्षण तथा एंटी माइक्रोबियल ससेप्टिबिलिटी टेस्टिंग का गहन प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रयोगशाला सुरक्षा मानकों, गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं तथा प्रयोगशाला परिणामों पर भी विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान मायको बैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की पहचान, सिकल सेल एनीमिया की जांच, टाइफॉइड परीक्षण, रक्त कोशिकाओं की स्टेनिंग एवं ल्यूकोसाइट पहचान, मलेरिया परजीवी की पहचान बताया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. साधना जायसवाल, विभागाध्यक्ष, सूक्ष्म जीवविज्ञान, नागार्जुन पीजी साइंस कॉलेज रायपुर ने ऑनलाइन माध्यम से तथा डॉ. शत्रुहन साहू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झलप ने ऑफलाइन माध्यम से अपने विशेषज्ञ व्याख्यान से लाभान्वित किया।







# पीजी महाविद्यालय में स्वीप के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जिला मुख्य निर्वाचन अधिकारी माननीय कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार व प्राचार्य करुणा दुबे एवं डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान विषय पर भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा मतदान पर भाषण अपने अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें मतदान का महत्व के बारे में बताते हुए ईशु बांधे ने कहा कि मतदान के द्वारा हम प्रतिनिधियों का चयन करते हैं जो हमारे लिए नीतियां बनाते हैं। कोनिका गजेंद्र ने कहा कि मतदान करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है, और इससे हम अपने देश के विकास में योगदान देते हैं। हमें अपने मत का उपयोग सोच-समझकर करना चाहिए और सही उम्मीदवार को चुनना चाहिए। मेहूल निषाद ने कहा कि मतदान से हम अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं और देश में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।



मुस्कान साहू ने कहा कि अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। भाषण प्रतियोगिता में भाग लिए प्रतिभागियों में से सभी प्रतिभागियों ने अपने मत का प्रयोग केवल एक बार कर लिया है। भाषण प्रतियोगिता के इस कार्यक्रम में श्रोतागण के रूप में नवीन मतदाता जो अभी 18 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं ऐसे विद्यार्थी भी उपस्थित थे उन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए की गई प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अजय कुमार राजा, प्रो. राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, डॉ अजय कुमार देवांगन, डॉ जगदीश सत्यम, दिलीप बढ़ई, दिलीप कुमार लहरे, मनबोध चौहान उपस्थित रहे। रासेयो स्वयंसेवक विजय ब्रम्हे, जनक साहू, छाया साहू, देवेंद्र साहू, कामता भारती सहित अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम ईशु बांधे कक्षा बीकॉम तृतीय वर्ष और द्वितीय पर मेहूल निषाद पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त कर विजेता के रूप में सम्मान प्राप्त किया।


## खबर संक्षेप



### कोसमबुड़ा में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह आज

**कोमाखान।** ग्राम कोसमबुड़ा (छुरा) में 19 जनवरी से श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया, जो 27 जनवरी तक चलेगा। इस संबंध में आयोजक कनक राय हिंडोचा एवं हिंडोचा परिवार ने बताया कि इसके कथा वाचक बसंत मिश्रा ग्राम घोंच (जिला महासमुंद) निवासी होंगे। प्रथम दिवस 19 जनवरी को मंगला चरण श्रीमद भागवत महात्मय की कथा होगी। द्वितीय दिवस 20 जनवरी को परीक्षित जन्म तथा वराह अवतार कथा। तृतीय दिवस 21 जनवरी को कपिल भगवान चरित्र एवं ध्रुव चरित्र जड़ भारत कथा। 22 जनवरी को भक्त प्रहलाद कथा, समुद्र मंथन, वलिवामन भगवान प्रसंग। 23 जनवरी को राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की कथा। पश्चात 24 जनवरी को कृष्ण दही लूट, रूखमणी विवाह। 25 जनवरी को भस्मासुर वध, सुदामा चरित्र। 26 जनवरी को परमधाम तुलसी वर्षा की जाएगी। अंतिम दिवस 27 जनवरी को श्रीमद भागवत गीता प्रवचन, हवन पूर्णहुति, सहस्त्रधारा स्नान प्रसादी एवं भंडारे का आयोजन होगा। विज्ञप्ति में आगे बताया कि कथा का समय दोपहर 12 बजे सायं 5 बजे तक रख गया है। कथा प्रवचन ग्राम कोसमबुड़ा स्थित सहाड़ा चौक में रखा गया है। उक्त सप्ताह स्व.वनिता बेन, स्व. माधव राव जाधव, स्व.शोभा हिंडोचा, स्व. वनिता बेन हिंडोचा, स्व. हरिदास हिंडोचा, स्व. मणिबेन, स्व. कानजी वशन, स्व. धीरज लाल हिंडोचा एवं स्व. नयना बेन हिंडोचा की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है।

### प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्य स्मृति दिवस मनाया



**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्य स्मृति दिवस सेवा केंद्र उपकार भवन में मनाया गया। सेवा केंद्र को पुष्पों से सजाकर वातावरण को अलौकिक रूप दिया गया। ब्रम्हा बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित करने आसपास के गांव से भी भाई बहन पहुंचे। विश्व को शांति का संदेश देने के कारण 18 जनवरी को संस्थान विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने पिता के नाम शिव परमात्मा को भोग स्वीकार कराया और बताया ये वही ब्रम्हा है जिन्हें संसार अनेक शास्त्र अनुसार आदि देव या आदम के नाम से जानती है। वेद अनुसार ब्रम्हा को सृष्टि का रचयिता कहा गया, निराकार परमपिता परमात्मा कलयुग के अंतिम क्षणों में अपने साकार माध्यम प्रजापिता ब्रम्हा द्वारा अनेक धर्मों का विनाश और एक सतधर्म की पुनः स्थापना करते हैं।

## जागरुकता : स्वच्छता मित्रों ने तालाबों से बड़ी मात्रा में जलकुंभी एवं प्लास्टिक कचरा निकाला

# स्वच्छता महाअभियान चलाकर शहर के तालाबों की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन महासमुंद एवं संस्था हमर भुइयां के संयुक्त तत्वावधान में 18 जनवरी रविवार को सबेरे 7 से 9 बजे तक सभी सामाजिक संगठनों, व्यावसायिक संघों, स्वयंसेवी संगठनों, खेल एवं शैक्षिक संस्थाओं के सदस्यों एवं पर्यावरण को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य कर रहे लोगों की उपस्थिति में शहर के बंधवा तालाब, टामकी तालाब एवं पास ही सन्निहित नवा तालाब से बड़ी मात्रा में जलकुंभी, प्लास्टिक कचरा एवं अपशिष्ट श्रमदान करते हुए स्वच्छता मित्रों ने निकाल कर जलाशयों की सघन सफाई की है।

इस सफाई अभियान में प्लास्टिक कचरा बड़ी मात्रा में पोखरों से एवं उसके आसपास से मेहनत कर बाहर निकालकर प्लास्टिक के रसायन से तालाब के जल में हो रहे जल प्रदूषण एवं प्लास्टिक के डिस्पोजल को निकालकर सरोवर को विषाक्त होने से बचाने का कार्य किया गया। सफाई अभियान में पेड़ के पत्तों को जलाकर उसका संपूर्ण निपटान किया गया। बड़ी मात्रा में तालाबों की सफाई में निकले पालीथिन युक्त कचरे एवं जलकुंभी को आयोजक मंडल ने नगर पालिका को सुपुर्द किया। व्यापक स्तर पर तीनों तालाबों की साफ सफाई कर आयोजकों ने यह संदेश दिया कि कोई भी कार्य अगर एक बार ठान ले तो बड़ा से बड़ा असंभव लगने वाला दुष्कर कार्य भी आसानी से जनसहयोग से पूरी शुचिता के साथ पूरा किया जा सकता है। उपस्थित सभी सदस्यों, युवाओं, नगर के प्रबुद्धजनों, वार्डवासियों, पार्षदों एवं पूर्व पार्षदों के साथ ही कॉलेज एवं स्कूली छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में नगर के तालाबों की तस्वीर बदलने में अपनी सहभागिता निभाई और जागरूकता से इस जनहित के कार्य को पूरा किया। आयोजक संस्था ने सभी सामाजिक एवं अन्य उपस्थित संगठन के सदस्यों को इसे सफल बनाने के लिए साधुवाद दिया। स्वच्छता कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुख्य आयोजक डियन मेडिकल एसोसिएशन महासमुंद के डॉक्टर एचबी कालीकोटी, डॉक्टर ज्योति कालीकोटी एवं डॉक्टर हरजोत सिंह गुरुदत्ता एवं स्टाफ का सहयोग रहा। सह आयोजक हमर भुईयां पर्यावरण संरक्षण संस्था महासमुंद के अध्यक्ष नूरेन चंद्राकर एवं युवाओं, आस्था संस्था से तारिणी चंद्राकर, शोभा शर्मा, तुषार चंद्राकर, रागिनी चंद्राकर, जय तंबोली, ग्रीन आर्मी से लोकेश चंद्राकर, योग संघ से प्रफुल्ल दुबे, ढीमर समाज से संतराम ढीमर, डेविड निषाद, जिला बॉस्केट बाल एसोसिएशन के चेयरपर्सन पंकज सोनी, चंद्राकर समाज से धर्मेंद्र चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, उमेश चंद्राकर, भरत चंद्राकर, संदीप चंद्राकर, तोरण लाल चंद्राकर, स्थानीय निवासियों में अहिल्या बाई, सरिता ध्रुव, होमेश कौशिक, इंद्र सिंह, सुधीर यादव, प्रमिला मानिकपुरी, साहू समाज से कृष्णा साहू, मालती साहू, ज्योति साहू, द्वारिका साहू, धनराज साहू, पुष्पेंद्र साहू, जनप्रतिनिधियों में पार्षद नगर पालिका जगत महानंद, धनेन्द्र चंद्राकर एवं नीरज चंद्राकर एवं पूर्व पार्षद मनीष शर्मा एवं शोभा शर्मा की उपस्थिति में तालाब से निकले प्लास्टिक कचरे एवं जलकुंभी को नगर पालिका के माध्यम से संपूर्ण प्रबंधन किया गया। इस स्वच्छता अभियान में महर्षि विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता निलेश तिवारी, स्वान यूथ क्लब सचिव ग्रन्थ चोपड़ा, सदस्यगण भविष्य चंद्राकर, सुधीर यादव, डेविड निषाद, शिवम द्विवेदी, हर्ष बंजारे, जय ध्रुव, धनराज साहू, गुलशन चंद्राकर, गोपेंद्र निर्मलकर, लक्की शिवहरे, पुष्पेंद्र साहू, कुंती राजपूत, लक्ष्मी निर्वाण, सरिता निवारे आदि का सहयोग रहा। नगर पालिका के कर्मचारी दिलीप चंद्राकर ने नपा स्टाफ की मदद से उक्त कचरे का समुचित परिवहन एवं विधिवत निपटान करने में योगदान दिया।



# पाटनदादर में कबड्डी स्पर्धा का नपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

झलप क्षेत्र के ग्राम पाटनदादर में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने उपस्थित होकर फीता काटकर स्पर्धा का शुभारंभ किया।

उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर अच्छे खेल का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। साहू ने खिलाड़ियों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों में कबड्डी खेल का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच प्रदान करता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर ख्याति प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने पाटनदादर (माधोपुर) के उत्साही युवाओं की प्रशंसा कर आयोजन के शुभकामनाएं दी। साथ ही खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर ग्राम प्रमुख अमरु लाल ध्रुव, रमेश ध्रुव, भगत राम ध्रुव, राजाऊ राम ध्रुव, साधु राम ध्रुव, शिवप्रसाद ध्रुव, यादराम ध्रुव, मानसिंह ध्रुव, बृजराम बरिहा, मानसिंह बरिहा, जीवन बरिहा, कौशल बघेल, हरीश ध्रुव, संतोष ध्रुव, यादराम ध्रुव, मेष राम ध्रुव, कमलेश ध्रुव, नरेंद्र बरिहा, राकेश ध्रुव, विजय बरिहा, अगहन ध्रुव, कमलेश चक्रधारी, मनीष ध्रुव, युगल बरिहा, मुकेश बरिहा, तान्या, प्राची आदि उपस्थित थे।

# बागबाहरा में परमेश्वरी जयंती 23 को, हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बागबाहरा नगर देवांगन समाज द्वारा मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन बसंत पंचमी पर 23 जनवरी शुक्रवार को कराए जाने का निर्णय बैठक में लिया गया। परमेश्वर जयंती पर सामाजिक वरिष्ठ कार्यकर्ता समाज रत्न के रूप में सम्मानित किया जाएगा।

साथ ही समाज के होनहार छात्र छात्राओं का विशेष सम्मान एवं खेल एवं अन्य गतिविधियों में प्रांतीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने वाले बच्चों का विशेष सम्मान किया जाने का निर्णय लिया गया है। जयंती सुबह 10 बजे जैन मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा प्रारंभ होकर अशोक होटल से देवांगन भवन दैहानी भाटा में पहुंचेगी। जिसमें महासमुंद जिले के समस्त स्वजातीय बंधुगण कार्यक्रम में शामिल होंगे। बैठक प्रमुख रूप से गणेश राम ,कृष्ण कुमार, महादेव, भोजनाथ , खिलेंद्र, रामनरायण, सूर्या, दिनेश, धनंजय, मनहरन, नवनीत, आशीष, सुरेंद्र, हितेंद्र, जयकिशन, सुशील, दीक्षित, तरुण, किशोर, दौलत, संतोष, देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

# सिरको में ग्रामीणों ने साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम पंचायत सिरको में स्वच्छता को लेकर एक सराहनीय पहल देखने को मिली। वार्ड क्रमांक 1 के सदस्यों द्वारा सार्वजनिक स्नानघर की साफ-सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

इस अभियान में वार्ड सदस्य खीरसागर चौहान, ज्ञान प्रकाश दास, संजय दास, संकीर्तन, मिलन और होसे दास ने निस्वार्थ भाव से श्रमदान करते हुए स्नानघर को स्वच्छ और उपयोग योग्य बनाया। वार्ड सदस्यों ने बताया कि स्वच्छता केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई से न केवल बीमारियों से बचाव होता है, बल्कि गांव की सुंदरता और स्वच्छ वातावरण भी बना रहता है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और अन्य लोग भी स्वच्छता अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित होते हैं। ग्राम पंचायत सिरको में वार्ड क्रमांक 1 के सदस्यों की यह पहल स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने का एक सराहनीय उदाहरण है।



# महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**महासमुंद।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर महान युवा प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सहायक प्रध्यापक डा. भूमिका शर्मा, सहायक प्राध्यापक (हिंदी) पीयूष तांडेय एवं क्रीड़ाधिकारी आदिल अहमद द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। पश्चात विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के विचारों- उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत से अवगत कराया गया। इस अवसर पर युवाओं में राष्ट्रभक्ति, स्वदेशी भावना एवं आत्मनिर्भरता का संचार करने के उद्देश्य से 'स्वदेशी संकल्प दौड़' सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वदेशी संकल्प दौड़ में बढ़-चढ़कर भाग लिया। दौड़ के दौरान विद्यार्थियों ने जय स्वदेशी जय जय स्वदेशी, चाइनीज वस्तु छोड़कर बोलो वंदे मातरम एवं जब बाजार जाएंगे सामान स्वदेशी लाएंगे जैसे नारों के माध्यम से स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त, स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर आधारित भाषण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उनके जीवन, दर्शन एवं युवाओं के प्रति उनके संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत सभी विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई गई।

# लौंदमुड़ा में श्रीमद्भागवत कथा आज से

**महासमुंद।** माघ गुप्त नवरात्रि ग्राम लौंदमुड़ा (अमेरा) स्थित शिव मंदिर पंचायतन में श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन सोमवार 19 जनवरी से रविवार 25 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से संध्या 06 बजे तक किया गया है।

कार्यक्रम में कथावाचन पं. हेमप्रकाश (बबलू शर्मा) होंगे। कथा का पारायण पं. नारायण तिवारी करेंगे। श्रीमद्भागवत कथा के साथ-साथ दुर्गा सप्तशती पाठ का भी आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिवस वेद पूजन एवं महात्म्य, द्वितीय दिवस कपिल उपाख्यान एवं ध्रुव चरित्र, तृतीय दिवस अजामिल उपाख्यान व भक्त प्रह्लाद चरित्र, चतुर्थ दिवस वामन अवतार, राम कथा एवं कृष्ण जन्म उत्सव, पंचम दिवस बाल लीला, माखन चोरी व छप्पन भोग, षष्ठ दिवस कंस वध, उद्धव-गोपी संवाद व रुक्मिणी मंगल विवाह तथा सप्तम दिवस सुदामा चरित्र की कथा सुनाई जाएगी।

# इंटरनेशनल आर्बिटर राव ने बताए ग्रैंड मास्टर्स शतरंज के नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

व्हाइट बोर्ड की तरह लटके हुए मैग्नेटिक डिमॉन्स्ट्रेशन बोर्ड पर वे शतरंज के अंतरराष्ट्रीय नियमों को समझाते जा रहे थे और बच्चों से लेकर बड़ों तक मंत्रमुग्ध हो कर सुनते जा रहे थे और जो समझ नहीं आता उसे पूछते जा रहे थे। शतरंज के अंतरराष्ट्रीय संगठन फिडे के इंटरनेशनल आर्बिटर और राष्ट्रीय खिलाड़ी पीएन राव द्वारा एक-एक कर फिडे नियमों की जानकारी दी गई। उन्होंने चेस बोर्ड को रखने में की जाने वाली गलतियों से शुरुआत करते हुए प्यादों और मोहरों की चाल को उदाहरण देते हुए समझाया।



उन्होंने बताया कि किस तरह एक प्यादा आगे बढ़ते बढ़ते यदि आठवें खाने में पहुंच जाता है तो वह आवश्यकता अनुसार वजीर, हाथी, घोड़ा अथवा ऊंट बनाया जा सकता है। इस दौरान यदि कोई प्यादा पांचवे खाने पर पहुंच जाता है और विरोधी खिलाड़ी बाजू वाले रैंक में अपने प्यादे को दो घर चल शुरुआत करें तो पांचवे घर पर पहुंचा प्यादा विरोधी के प्यादे को चाहे तो मार सकता है या छोड़ भी सकता है। प्यादे को मारे जाने की यह घटना एनपांसा कहलाती है। उन्होंने शतरंज की सबसे छोटी बाजी-दो चाल में मात को बताते हुए इसे नौसिखिया खिलाड़ियों की गलती बताया और अपनी चाल चलने में सावधानी और तर्कशीलता बरतने कहा। राव ने शॉर्ट और लॉन्ग केसलिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि वस्तुतः यह राजा की ही चाल है इसलिए यदि आपको केसलिंग करनी है तो पहले आपको राजा को हाथ में लेकर चलना पड़ेगा, तब हाथी को हाथ लगाना। यदि आपने हाथी को पहले हाथ लगा दिया तो अब आपको हाथी को चलना ही होगा और आप उस हाथी के साथ केसलिंग नहीं कर पाएंगे। उन्होंने चेस क्लॉक के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह अपनी चाल चलने के बाद तुरंत बाद चेस क्लॉक को दबा देना चाहिए। यदि आपने इसमें भूल कर दी और चेस क्लॉक का बटन नहीं दबाया तो विरोधी खिलाड़ी इसका फायदा उठा सकता है और आप समय की किल्लत से हार सकते हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स के उदाहरण देते हुए उन घटनाओं की याद दिलाई। जिसमें नियमों में चूक करने के कारण कई जीतते हुए खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान कांकेर शतरंज संघ के अध्यक्ष आरबीएस बघेल द्वारा बाबी फिशर, मिखाईल ताल, प्रज्ञानंदा, कार्लसन आदि के बाज़ियों की याद दिलाई गई।

इस अवसर पर विज्ञान आश्रम कसेकेरा के संचालक विश्वास मेश्राम ने जानकारी दी कि बागबाहरा-कोमाखान-छुरा क्षेत्र के शतरंज खिलाड़ियों के लिए बीच बीच में ऐसे प्रशिक्षण सत्र और दोस्ताना मैच आयोजित किए जाएंगे। जिससे यहां के खिलाड़ियों का अनुभव बढ़ सकें और वे अपने खेल में पैनापन विकसित कर सकें। शासकीय मिडिल स्कूल कसेकेरा के प्रधान अध्यापक डॉ विजय शर्मा ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य भूपेंद्र पंढ़ियार ने आभार जताते हुए इस प्रशिक्षण को बहुत लाभदायक बताया और उम्मीद जताई कि भविष्य में विज्ञान आश्रम के कारण विद्यार्थियों को शतरंज के साथ साथ गणित, विज्ञान और इंग्लिश सीखने का मौका मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में संकुल स्तर के चेस टूर्नामेंट की पहल कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर शानदार जवाब देने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा।

